WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

दैनिक
# मेरठ दर्पण

वर्षः 06 अंक 58 मेरठ, शुक्रवार 10 सितम्बर, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का......




## योगी ने दिये डेंगू मलेरिया की रोकथाम के निर्देश



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को फिरोजाबाद, मथुरा, कानपुर नगर, लखनऊ, झांसी, मेरठ, वाराणसी और आगरा जिलों में डेंगू, मलेरिया व अन्य वायरल बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी जरूरी प्रयास करने के निर्देश दिए। योगी ने फिरोजाबाद में कैंप कर रही विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम से बच्चों के इलाज के बारे में विस्तार से जानकारी ली। जिलाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को डेंगू मरीजों के लिए बेड, दवाइयों, चिकित्सकों की उपलब्धता की जानकारी दी और रोकथाम के लिए जारी कोशिशों के साथ ही बचाव के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किये जाने के बारे में भी बताया। मुख्यमंत्री ने डेंगू, मलेरिया व अन्य वेक्टर बर्थर्न वायरल बीमारियों से बचाव के लिए सर्विलांस को बेहतर करने के लिए इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर को एक्टिव करने के निर्देश दिए। साथ ही जरूरतमंदों को मुफ्त इलाज और मुफ्त मेडिकल किट उपलब्ध कराने के लिए कहा। कुशीनगर, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, संत कबीर नगर, गोरखपुर और महराजगंज के जिलाधिकारियों से जेई व एईएस की स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री को बताया गया कि नियोजित कोशिशों से जेई व एईएस से इस वर्ष अब तक कोई मृत्यु नहीं हुई है। हालांकि कुछ क्षेत्रों में नए केस मिले हैं। योगी ने 45 साल से अधिक उम्र के लोगों के सर्वाधिक टीकाकरण वाले शीर्ष तीन जिलों गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद और बागपत की स्थिति पर सन्तोष जताया। साथ ही, प्रयागराज, सोनभद्र फिरोजाबाद और बलिया जिलों को तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास पर प्रतिदिन जनता दर्शन का आयोजन होता है। हर दिन फरियादी प्रदेश के विभिन्न जिलों से आते हैं। ज्यादातर मामले राजस्व, पुलिस विभाग से जुड़े होते हैं। प्रत्येक दशा में हर जिलाधिकारी एवं पुलिस कप्तान हर दिन कम से कम एक घंटे जनसुनवाई के लिए उपलब्ध रहे। इसमें आने वाली शिकायतों की पंजिका तैयार करें। हर आवेदन का निस्तारण एक तय समय सीमा के भीतर किया जाना सुनिश्चित करें।

## यूपी भाजपा का कार्यालय बना षडयंत्र का केन्द्र : अखिलेश यादव



लखनऊ। समाजवादी पार्टी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी भाजपा का राज्य मुख्यालय षडयंत्र का केन्द्र बन गया है जहां लोकतंत्र के खिलाफ रात दिन रणनीति बनती रहती है। यादव ने गुरूवार को कहा कि भाजपा मुद्दों पर न बात करती है न काम करती है। विकास करना भाजपा का लक्ष्य नहीं है। भाजपा लोगों को गुमराह करने की साजिशें रचती है। भाजपा कार्यालय षडयंत्र का केन्द्र बन गया है जहां लोकतंत्र के विरूद्ध दिनरात रणनीति बनती रहती है। चुनाव से पहले किसानों के बढ़ते आक्रोश से घबड़ाई भाजपा की केन्द्र सरकार ने अपनी साजिशी रणनीति के तहत कई फसलों की एमएसपी घोषित कर यह जताने की कोशिश की है कि वह किसानों की बड़ी हितैषी है जबकि हकीकत यह है कि भाजपा सरकार द्वारा घोषित एमएसपी पर फसल बेचने का मौका कभी किसान को मिला नहीं है। उसकी मजबूरी तो अपनी फसल औने-पौने दाम बिचौलियों को ही बेचने की है। बढ़ी एमएसपी तो उसके जले पर नमक छिड़कना है। भाजपा की राज्य सरकार ने अपना पूरा कार्यकाल केवल विज्ञापन और प्रचार के सहारे पार कर लिया है। जमीन में उनकी एक भी योजना नहीं दिखाई दी। समाजवादी पार्टी ने जो काम किए उनके उद्घाटन का उद्घाटन ही करते मुख्यमंत्री के दिन बीत रहे हैं। अपने एक शिलान्यास का उन्होंने उद्घाटन नहीं किया। एक यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं किया। अब जब छह महीने से कम समय रह गया है तब मुख्यमंत्री नई-नई योजनाओं की घोषणाएं कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के कर कमलों से नए लोकार्पणों की योजना बन रही है।

## दो दोस्तों को मौत की नींद सुलाकर लूटी ई-रिक्शा का कर दिया 50 हजार में सौदा



मेरठ दर्पण-मेरठ। थाना किठौर क्षेत्र से 29 अगस्त को लापता दो दोस्तों के शव फतेहपुर के जंगल में पड़े मिले थे। दोनों की हत्या की गई थी और मौके से ई रिक्शा गायब थी। दोनों दोस्त की हत्या ई-रिक्शा लूटने के उद्देश्य से की गई थी। इस घटना का खुलासा आज सर्विलांस सेल व थाना किठौर की संयुक्त टीम ने करते हुए दो अभियुक्त गिरफ्तार कर लिए। घटना का खुलासा करते हुए एसपी देहात मेरठ केशव कुमार ने बताया कि दिनांक 29 अगस्त 2021 को वादी जाने आलम पुत्र अब्दुल रहीम खां नि0 कस्बा शाहजहाँपुर थाना किठौर द्वारा उसके पुत्र सादिक व सादिक के दोस्त अमन के अपहरण के सम्बन्ध में मुकदमा पंजी त करवाया गया था। दूसरे दिन प्रातरू सूचना मिली कि दोनों बच्चों के शव जंगल में ग्राम फतेहपुर में आम के बाग में पड़े हैं। मौके पर थाना किठौर पुलिस बल, डाग स्क्वॉयड, सर्विलांस टीम व पुलिस के आला अफसर मौके पर पहुँचे थे। थाना किठौर पुलिस व सर्विलांस टीम मेरठ द्वारा संयुक्त ऑपरेशन में घटना का अनावरण करते हुए बच्चों के कातिल जाहिद पुत्र हसनैन निवासी ग्राम नित्यानन्दपुर मीतापुर थाना किठौर,शौकीन पुत्र शहादत निवासी पिपलौती थाना हसनपुर जनपद अमरोहा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभि0 जाहिद पुत्र हसनैन नि0 ग्राम नित्यानन्दपुर मीतापुर थाना किठौर ने बताया कि ई-रिक्शा चालक दोनों मामूस बच्चों की हत्या, लूट करने के इरादे से की गयी थी तथा फतेहपुर नारायण के जंगल में दोनों मासूम बच्चों की हत्या कर शवों को आम के बाग में फेंक दिया था तथा ई-रिक्शा लूट ली थी। लूटी गयी ई-रिक्शा को अभियुक्त जाहिद पुत्र हसनैन उपरोक्त द्वारा अपने साथी शौकीन पुत्र शहादत निवासी पिपलौती थाना हसनपुर जनपद अमरोहा को घटना में बारे में बताकर लूटी गयी ई-रिक्शा को बैचने के लिए एडवांस में 50 हजार रुपये प्राप्त किये गये थे। आज थाना किठौर पुलिस टीम व सर्विलांस टीम ने साझा ऑपरेशन में गिरफ्तार किये गये जिनके कब्जे से लूटी गयी ई-रिक्शा व आलाकत्ल चाकू बरामद हुआ।

## 31 दिसम्बर तक बढ़ी ग्रामोद्योग विभाग की एक मुश्त समाधान योजना

मेरठ दर्पण-मेरठ। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी एके दीक्षित ने बताया कि उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, द्वारा सीबीसी ऋण जमा कराने हेतु एक मुष्त समाधान योजना 31 मार्च तक चलायी गयी थी किन्तु कोविड-19 को ष्टिगत रखते हुये एक मुष्त समाधान ऋण जमा योजना की अवधि 31 दिसम्बर 2021 तक उ0प्र0 षासन लखनऊ द्वारा बढा दी गयी है। उन्होने कहा कि ऐसे समस्त ऋण बकायेदार योजनान्तर्गत प्राप्त ऋण केवल मूलधन जमा कर ब्याज की छूट योजना का लाभ उठाये यदि बकायेदार मूलधन ऋण इस अवधि के अन्तर्गत जमा नही करेगे तो ऐसी ऋण इकाईयों से ब्याज सहित ऋण की वसूली हेतु प्रभावी कार्यवाही की जायेगी।

## विधिक सहायता हेतु लांच हुआ लीगल सर्विस मोबाइल ऐपः अन्जू काम्बोज

मेरठ दर्पण-मेरठ। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अन्जू काम्बोज ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ व राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के पत्र के अनुपालन में तथा नालसा के मुख्य संरक्षक एवं मुख्य न्यायमूर्ति एन0वी0 रमन्ना द्वारा लीगल सर्विस मोबाइल ऐप लॉच किया गया है। इसके अतिरिक्त लीगल ऐड आनलाईन की सेवाएं भी प्रारम्भ की गयी है। जिससे कि सामान्य-जन स्मार्ट फोन के माध्यम से विधिक सहायता एवं पीडित क्षतिपूर्ति व मध्यस्थता हेतु प्रार्थना दे सकते है जिसके लिंक लीगल सर्विस मोबाइल ऐप एवं लीगल ऐड आनलाईन को नालसा द्वारा जारी किया गया है।

## 10 सितम्बर को भारत रत्न पं0 गोविन्द बल्लभ पंत जी की जयंती मनायी जायेगी

मेरठ दर्पण-मेरठ। अपर जिलाधिकारी नगर अजय तिवारी ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरी-चौरा शताब्दी समारोह की श्रृंखला के अंतर्गत जनपद में दिनांक 10 सितम्बर 2021 को भारत रत्न पं0 गोविन्द बल्लभ पंत जी की जयंती मनायी जायेगी। सभी शैक्षणिक संस्थानो में पं0 गोविन्द बल्लभ पंत जी के व्यक्तित्व एवं तित्व तथा राष्ट्र के प्रति उनक योगदान से छात्र-छात्राओ को अवगत कराया जायेगा। उन्होने बताया कि 10 सितम्बर 2021 को भारत रत्न पं0 गोविन्द बल्लभ पंत जी की जयंती के अवसर पर बचत भवन में प्रातः 10.30 बजे पं0 गोविन्द बल्लभ पंत जी की प्रतिमाध्छायाचित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि आदि का आयोजन किया जायेगा।

## डॉ. अजय राणा ने शोभित विश्वविद्यालय मेरठ के नए कुलपति के रूप में संभाला कार्यभार



मेरठ दर्पण-मेरठ। प्रख्यात शिक्षाविद् और प्रखर प्रशासक प्रो अजय राणा ने आज शोभित विश्वविद्यालय मेरठ के नए कुलपति के रूप में पदभार ग्रहण किया। वर्तमान कुलपति प्रोफेसर एपी गर्ग ने विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री कुंवर शेखर विजेंद्र, शोभित विश्वविद्यालय गंगोह के कुलपति प्रो रंजीत सिंह, पूर्व कुलपति प्रो आरपी अग्रवाल विश्वविद्यालय के कुलसचिव ग्रुप कैप्टन मित्रानंद बहुगुणा एवं विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में प्रो अजय राणा को कार्यभार सौंपा। दोनों कुलपति के औपचारिक कार्यभार ग्रहण एवं विमुक्ति के दस्तावेजों के आदान-प्रदान करने के बाद प्रो अजय राणा ने शोभित विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। डॉ. अजय राणा ने 22 से अधिक वर्षों की अवधि में व्याख्याता से लेकर प्रोफेसर से लेकर निदेशक से लेकर डीन तक की भूमिका के साथ शिक्षा और उद्योग में विशाल शिक्षण अनुभव के साथ अपने बौद्धिक, पारस्परिक और प्रबंधकीय कौशल का प्रदर्शन किया है। प्रो. अजय राणा ने एमिटी यूनिवर्सिटी ट्रस्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। वह एक शिक्षाविद्, दिल से एक शिक्षक, एक नवप्रवर्तनक, रणनीतिकार और गहरी संगठनात्मक नैतिकता, समानता के साथ एक प्रतिबद्ध परोपकारी व्यक्ति हैं। प्रो राणा एयूएन रिसर्च लैब्स के अध्यक्ष , कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया और आईएसटीई के आजीवन सदस्य हैं। वह कई पत्रिकाओं के संपादकीय बोर्ड और समीक्षा समिति के सदस्य भी हैं। वह सलाहकार समूह एनईपी 2020 सीबीएसई ढ्शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकारत्र के सदस्य हैं। वह राजस्थान एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक भी हैं।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने कहा कि शोभित विश्वविद्यालय मेरठ केवल उच्च शिक्षा के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ मूल्य आधारित शिक्षा के साथ युवाओं को पोषित करने में विश्वास करता है। उन्होंने प्रो अजय राणा का स्वागत करते हुए कहा कि उनका अनुभव और दूरदर्शिता निश्चित रूप से अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में विश्व विद्यालय को नई ऊंचाई पर ले जाने में सहायता करेगी।

# वेंक्टेश्वरा में विश्व साक्षरता दिवस पर 'शिक्षा, शान्ति एवं विकास की रीढ' विषय पर राष्ट्रीय सेमीनार एवं जागरूकता रैली

❑ शत प्रतिशत साक्षर भारत के साथ ही हम प्रधानमंत्री जी के "आत्मनिर्भर भारत" एवं विश्व गुरू भारत के सपने को साकार कर सकते हैः डॉ0 सुधीर गिरि






**मेरठ/गजरौला दर्पण-मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा संस्थान में विश्व साक्षरता दिवस पर "शिक्षा, शान्ति एवं विकास की रीढ़" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगौष्ठी का आयोजन किया, गया जिसमें वक्ताओं ने एक सुर में भारत को फिर से विश्व गुरू बनाने एवं प्रधानमंत्री जी के "आत्मनिर्भर भारत" के सपने को साकार करने के लिए शत प्रतिशत साक्षर भारत बानने की वकालत की। इस अवसर पर प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी न उपस्थित स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओ को शत प्रतिशत साक्षर भारत अभियान के लिए सभी से दस-दस गरीबध्बेसहारा बच्चो को शिक्षित करने की शपथ भी दिलायी। वेंक्टेश्वरा संस्थान के डॉ0 सी0वी0 रमन केन्द्रीय सभागार में आयोजित एकदिवसीय सेमीनार एवं जागरूकता रैली का शुभारम्भ वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, कुलपति प्रो0 पी0के0 भारती आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके एवं जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया। अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि ने कहा कि यदि भारत को वास्तव में विश्व गुरू बनाना है एवं आदरणीय प्रधानमंत्री जी के "आत्मनिर्भर भारत" के सपने को साकार करना है तो आने वाले एक दशक में "शत प्रतिशत साक्षर भारत" अभियान के लक्ष्य को पूर्ण करना होगा। एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार को सम्बोधित करते हुए मुख्यवक्ता डॉ0 बी0वी0 बोरा ने कहा कि विगत 10 वर्षो में ही भारत वर्ष में 40 प्रतिशत से अधिक साक्षरता दर बढी है, लेकिन शिक्षा, शान्ति, सदभाव एवं विश्व विकास की रीढ है। इसीलिए शत प्रतिशत साक्षरता द्वारा ही दबे कुचले एवं समाज की मुख्यधारा से अलग-थलग पडे लोगो को एक साथ जोडकर शक्तिशाली राष्ट्रध्विश्व का निर्माण किया जा सकता हे। एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार को कुलपति प्रो0 पीके भारती, कुलसचिव डॉ0 पीयूष पाण्डे, निदेशक विम्स डॉ0 बिग्रेडियर सतीश अग्रवाल, अंजलि शर्मा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर मेरठ परिसर निदेशक डॉ0 प्रभात श्रीवास्तव, निदेशक एडमिशन अलका सिंह, विम्स के वरिष्ठ सलाहकार आर0एन0 सिंह, संयुक्त कुलसचिव डॉ0 राजेश सिंह, अरूण गोस्वामी, एस0एस0 बघेल, जी0डी0 कटियार, विश्वास त्यागी, रजिस्ट्रार विकास कौशिक, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## माता-पिता के झगड़े से परेशान बेटे ने ट्रेन से कटकर दे दी जान

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** दौराला क्षेत्र के चिंदौड़ी गांव निवासी छात्र ने अपने माता-पिता के झगड़े से तंग आकर दौराला में ट्रेन से कटकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव की शिनाख्त कराई और परिजनों को मामले की जानकारी दी। परिजन बिना कार्रवाई के शव को लेकर गांव लौट आए और रात में ही अंतिम संस्कार कर दिया। चिंदौड़ी गांव निवासी नरेंद्र के दो बेटे थे। सागर बड़ा था। दोनों बेटे अभी पढ़ाई कर रहे थे। नरेंद्र का अपनी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों में झगड़ा होते देख सागर चुपचाप घर से चला गया। देर रात पुलिस का फोन आया तो परिजनों के होश उड़ गए। आनन-फानन में परिजन दौराला पहुंचे। जहां उन्होंने रेलवे ट्रैक पर मिले शव की शिनाख्त सागर के रूप में की। बताया गया कि सागर ने माता-पिता के झगड़े से तंग आकर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने की तैयारी की। लेकिन परिजनों ने कार्रवाई से इनकार कर दिया और रात में युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना के बाद से परिजनों का रो रो-कर बुरा हाल है। वहीं, गुरुवार सुबह मामले की जानकारी मिलने पर ग्रामीण परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। थाना प्रभारी बृजेश चौहान का कहना है कि परिजनों ने कार्रवाई से इनकार कर दिया था। शव उनके सुपुर्द कर दिया गया।

## जनपद में हैल्थ एवं वेलनेस सेन्टर पर नियुक्त होंगे कम्युनिटी हैल्थ आफिसरः सीएमओ

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अखिलेश मोहन ने बताया कि कम्युनिटी हैल्थ आफिसर सीएचओ के कोर्स की प्रवेश परीक्षा हर बार लखनऊ में ही होती थी। इस साल प्रदेश के चुने हुऐ 17 जिलों में परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मेरठ का भी नाम है। परीक्षा दिनाँक 9 और 10 सितम्बर 2021 को 04 सेंटरों पर संचालित की जा रही है। इन चार सैंटरो में आईआईएमटी गंगानगर, एफआईटी गंगानगर, बीआईटी परतापुर, तथा एमआईटी परतापुर है। 09 सितम्बर को एक पाली में चारों सेंटर पर परीक्षा हुई। कल 10 सितम्बर 2021 को यह परीक्षा तीन पालियों में सभी सेंटर पर संचालित होगी। दिनाँक 9 सितम्बर 2021 को कुल 1132 अभ्यर्थियों एवं दिनाँक 10 सितम्बर 2021 को कुल 3322 अभ्यर्थी को परीक्षा देनी है। परीक्षा उपरांत चयनित अभ्यर्थी 06 माह का कम्युनिटी हैल्थ आफिसर का कोर्स करेंगे जो मेरठ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम द्वारा 4 जगह संचालित हो रहा है। कोर्स पूर्ण होने पर काउंसलिंग उपरांत सीएचओ को हैल्थ एवं वेलनेस सेन्टर पर नियुक्त किया जाएगा।

## बेटियों की ऊची उडान से

मत डरो बेटियों की ऊची उडान से ..
उड़ने दो इन्हे भी खुले आसमान मे ..
हर बाज को ये उसकी औकात दिखा देगी ..
तुम बस हिम्मत बनो इनकी ये हर मुश्किल को हरा देगी ..
बात मान पर आयी तो मर्यादा को भुला देगी..
शेरनी है ये इस बात का अहसास दिला देगी ..
और छुआ जो किसी ने उसे खाक बना देगी ..
तुम बस हिम्मत बनो इनकी ये हर मुश्किल को हरा देगी ..
अनजान है कुछ शख्स अभी बेटियों की शख्सियत से..
आ जाये ये अपनी पर तो इस दुनिया को हिला देगी ..
अपने अस्तित्व से ये हैवानो की हस्ती को मिटा देगी ..
तुम बस हिम्मत बनो इनकी ये हर मुश्किल को हरा देगी ..



**रेशु ठाकुर**

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** हस्तिनापुर में गृह क्लेश के चलते विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की सूचना से परिजनों में हड़कंप मच गया। उधर, मामले की सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मामला क्षेत्र के गांव अलीपुर मोरना का है। जहां पर पिंकी पत्नी गौरव ने गृह कलेश के चलते संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि गुरुवार दोपहर को जब उन्होंने पिंकी के मकान का दरवाजा खोला तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक आवाज लगाने पर भी दरवाजा नहीं खुला तो आसपास के लोगों ने देखा कि पिंकी मकान में कच्ची छत में कड़ी में प्लास्टिक की रस्सी के फंदे पर झूल रही थी और उसकी मौत हो चुकी थी। यह मंजर देख परिजन सहित आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक मामले की कोई तहरीर उन्हें प्राप्त नहीं हुई है। विवाहिता का शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। उधर, ग्रामीणों ने बताया कि पिंकी की शादी लगभग तीन वर्ष पूर्व अलीपुर मोरना निवासी गौरव से हुई थी। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने बताया कि आए दिन दोनों में झगड़े होते रहते थे और गुरुवार सुबह भी पति-पत्नी में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था, जिसके बाद पिंकी गुरुवार दोपहर को संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फंदे पर लटकी पाई गई।

# मेरठ के प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को लगाई फटकार, गाड़ियों में लगवाएं जीपीएस



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ जनपद के प्रभारी मंत्री और प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने गुरुवार को मेरठ में जिला योजना समिति की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कई विभागों की हालत खराब मिलने पर प्रभारी मंत्री ने उन्हें फटकार लगाई। कार्यालयों से बाहर नहीं जाने वाले अधिकारियों की गाड़ी में जीपीएस लगवाने को कहा। विकास भवन सभागार में गुरुवार दोपहर को जिला योजना समिति की समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री श्रीकांत शर्मा कार्य ठीक नहीं मिलने पर डीआरडीए के परियोजना निदेशक, जिला पंचायत राज अधिकारी, यूपी नेडा के अधिकारी, एमडीए उपाध्यक्ष आदि अधिकारियों को फटकार लगाई। प्रभारी मंत्री ने कहा कि इन सभी विभागों की योजनाओं का भौतिक सत्यापन कराया जाए। कार्यालयों से बाहर नहीं जाने वाले अधिकारियों की गाड़ी में जीपीएस लगवा कर जांच कराई जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार अपनी हर योजना का लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए लगातार विकास योजनाओं पर फोकस किया जा रहा है। पिछली जिला योजना समिति की बैठक में भी कई विभागों का कार्य ठीक नहीं था। इस बार भी कुछ विभागों का कार्य ठीक नहीं पाया गया है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी जनहित में कार्य करें। जिला योजना में पास प्रस्तावों को धरातल पर उतारे। ऐसा नहीं करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला योजना के कार्यों पर प्राथमिकता के साथ कराया जाए। जिला योजना में वर्ष 2020-21 के लिए 42 विभागों से संबंधित 387 करोड़ के विकास कार्यों को स्वी ति दी गई थी। इनमें से शासन से 278 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी गई। इस धनराशि में से केवल 244 करोड़ रुपए ही अभी तक खर्च हो पाए हैं। प्रभारी मंत्री ने जिला योजना का सारा पैसा विकास कार्यों पर खर्च करने के निर्देश दिए। इसमें अधिकारियों की लापरवाही को प्रभारी मंत्री ने गंभीरता से लिया है। कई विभागों में स्वी त कार्यों की राशि में से एक रुपया भी खर्च नहीं हुआ। बैठक में राज्यसभा सदस्य विजयपाल तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, विधायक सत्यवीर त्यागी, विधायक सत्यप्रकाश अग्रवाल, विधायक जितेंद्र सतवाई, विधायक संगीत सोम, एमएलसी डॉ. सरोजिनी अग्रवाल, जिलाधिकारी के. बालाजी, मुख्य विकास अधिकारी शशांक चौधरी, सदस्य विकास उपाध्याय, ऋषि त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# पंजाब नेशनल बैंक ने जिला अस्पताल में लाखो रुपए का सामान भेंट किया




मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** पंजाब नेशनल बैंक, अग्रणी बैंक, मुजफ्फरनगर द्वारा सी.एस. आर. गतिविधियो के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य संरचना हेतु जिला चिकित्सालय को जनहित के लिए जीवन रक्षण उपकरण उपलब्ध कराये गए। अग्रणी जिला प्रबन्धक द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पंजाब नेशनल बैंक के अंचल प्रमुख द्वारा चिकित्सा उपकरण जिला चिकित्सालय को 10 आईसीयू बेड ,15 आईसीयू गद्दे ,4 वक्षटर कूलर ,10 सीलिंग पंखे ,3 कूलर , 2 रेफ्रिजरेटर एवं 2 कलर प्रिंटर भेंट किए गए। इस अवसर पर अंचल प्रमुख एस.पी.सिंह ने कहा की बैंक समय-समय पर समाज हित में अग्रणी रहा है तथा जनपद में विभिन्न सरकारी योजनाओ मे निरंतर आगे रहा हैं। साथ ही यह भी बताया कि बैंक द्वारा स्वयं सहायता समूहो को प्रशिक्षण के साथ साथ मार्केटिंग स्किल की भी जानकारी दी जा रही है। इस दौरान चिकित्सालय प्रबंधन द्वारा अस्पताल को जीवन रक्षक उपकरण मुहैया कराने के लिए पंजाब नेशनल बैंक की सराहना की गई। सामाजिक दायित्व भारतीय संस्कृति की पहचान है समाज के समृद्ध वर्ग को अमूल्य सहयोग प्रदान करना चाहिए। इस दौरान जिला अस्पताल प्रबंधन द्वारा बैंक के जनहित कार्यो के लिए न्यवाद ज्ञपित किया और कहा कोरोना काल से ही बैंक द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे जनहित कार्य सराहनीय है। इस दौरान बैंक के मण्डल प्रमुख विशाल अग्रवाल ने कहा कि बैंक कि तरफ से समाज सेवा के क्षेत्र मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। उन्होंने विश्वास दिलाया बैंक जनहित में सहयोग हेतु सदेव प्रतिबद्ध रहेगा। इस अवसर पर अंचल प्रमुख एस. पी. सिंह, मण्डल प्रमुख विशाल अग्रवाल , प्रभात चंद्रा सहायक महा प्रबन्धक, बी. एस. तोमर अग्रणी जिला प्रबन्धक, पी. के. अरोड़ा मुख्य प्रबन्धक प्रदीप शर्मा इंचार्ज एवं मेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

# श्रीगणपति धाम में कल से मनाया जायेगा भगवान श्री गणपति जन्मोत्सव

मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** अशोक गर्ग अध्यक्ष श्री गणपतिधाम ट्रस्ट समिति ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि अग्रपूज्य पार्वती नन्दन व समस्त कष्टों को हरने वाले विनविनाशक सिद्धिविनायक भगवान श्री गणपति का जन्मोत्सव प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 10 सितम्बर से 18 सितम्बर 2021 तक भी गणपति खाटूश्याम मन्दिर परिवार भरतिया कालोनी द्वारा श्री मंदिर प्रांगण में बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर भगवान श्री गणपति जी का नयनाभिराम स्वर्ण श्रृंगार ५६ भोग व भगवान गणपति जी का रजत पालना इस उत्सव के विशेष आकर्षण होंगे। इस अवसर पर मन्दिर को मनमोहक लाईट, फूलों से साथ सजाया जा रहा है। इस वर्ष कोरोना महामारी के कारण प्रत्येक वर्ष निकाली जाने वाली श्री भगवान गणपति जी की मध्य शोभायात्रा स्थगित की गयी है। श्री गणपति महोत्सव के कार्यक्रम मंदिर प्रांगण में फेस मास्क, सैनिटाइजेशन व सामाजिक दूरी को अपनाते हुए निम्न प्रकार मनाये जायेंगे। 10 सितम्बर 2021 से 18 सितम्बर 2021 तक दैनिक पूजा अर्चना प्रातः ८ बजे व सायं ७ बजे विद्वान आचार्यो द्वारा की जायेगी। 10 सितम्बर 2021 को सायं 7 बजे बधाई उत्सव मनाया जायेगा। १९ सितम्बर 2020 दिन रविवार को भगवान श्री गणपति जी के विसर्जन इस भावना के साथ गणपति बप्पा मोरिया, मंगल मूर्ति मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ पायन नगरी खतौली गंगनहर में पतित पावनी में गंगा के घाट पर सम्पन्न होगा। कार्यक्रम ११ सितम्बर, १२ सितम्बर को सुदंरकाण्ड शिव विवाह एवं गणेश जन्म, १३ सितम्बर को श्री शंकर गणेश संवाद, १४ सितम्बर को श्री राधा अष्टमी उत्सव, १५ सितम्बर को दैत्य सिंधुवध लीला, १६ सितम्बर १७ सितम्बर को सुन्दरकाण्ड शिव विवाह एवं गणेश जन्म एकदंत परशुराम लीला का आयोजन होगा। श्री श्याम एकादशी कीर्तन उपरोक्त कार्यक्रम मन्दिर प्रांगण में सायं ७:३० बजे से प्रारम्भ किये जायेंगे। मंदिर के संस्थापक संरक्षक एवं प्रसिद्ध उद्योगपति भीम सेन कंसल ने बताया कि मंदिर में गणपति महाराज के दर्शन अलौकिक होने वाले हैं।

# मुजफ्फरनगर का बड़ा लोहा व्यापारी गिरफ्तार, 21 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी

मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में बड़े पैमाने पर जीएसटी की चोरी की सूचना पर वस्तु एवं सेवाकर आसूचना महानिदेशालय मेरठ आंचलिक इकाई मेरठ की कई टीमों ने मुजफ्फरनगर में टैक्स छापेमारी कर करीब 21 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ने का दावा किया। लोहा व्यापारी फर्म मालिक संजय कुमार को गिरफ्तार कर मेरठ न्यायालय में पेश किया। कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। डीजीजीआई मेरठ की टीम ने मुजफ्फरनगर में मैसर्स एसके अलश्वयज की फैक्ट्री और गोदामों पर कार्रवाई की। जहां लोहे स्क्रैप से इंगट बनाने और बिक्री का काम होता है। डीजीजीआई- सीजीएसटी अफसरों को काफी समय से वहां से नंबर दो में निकाले गए माल पर टैक्स चोरी की सूचना मिल रही थी। इस सिलसिले में अफसरों ने फैक्ट्री तथा अन्य कई प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर जांच की। टीम को फैक्ट्री परिसर में नंबर दो में निकाले गए माल से संबंधित कई कागजात मिले। इस माल पर फर्म ने कोई टैक्स नहीं जमा किया है। फर्म में बुधवार देर रात तक सर्च चलती रही। इस दौरान टीम ने फर्म से बरामद अभिलेखों को जब्त कर लिया। अधिकारियों के पूछने पर फैक्ट्री मालिक व कर्मचारियों ने अपने इकबालिया बयानों में उक्त दस्तावेजों में दर्शाये माल को नंबर दो में निकलना स्वीकार किया। मालिक संजय कुमार द्वारा संज्ञेय एवं गैर जमानती अपराध करने के कारण उन्हें सीजीएसटी अधिनियम 2017 के सेक्शन 691 के तहत गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार कर टीम ने न्यायालय में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को 14 दिन के लिए न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# बहन के प्रेमप्रसंग से खफा छोटे भाई ने गोली मारकर उतार दिया मौत के घाट

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ में आन के लिए एक फिर से अपनों ने एक युवती की जान ले ली। युवती का कसूर सिर्फ इतना था कि वह दूसरी बिरादरी के युवक से प्रेम कर बैठी। परिजनों के लाख समझाने के बाद भी युवती नहीं मानी। खानदान की बदनामी होती देख छोटे भाई ने तमंचे से गोली मारकर बड़ी बहन की हत्या कर दी। हत्या के बाद भाई मौके से फरार हो गया। सरधना के मोहल्ला इस्लामाबाद में देर रात अश्वनर किलिंग की घटना से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची थाना सरधना पुलिस ने युवती को सीएचसी में भर्ती करवाया। जहां,चिकित्सकों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मोहल्ला इस्लामाबाद निवासी 23 वर्षीय सिमरन पुत्री सलीम का उसी के मोहल्ले के दूसरी बिरादरी के युवक से पिछले कई साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। सूत्रों की माने तो तीन दिन पहले सिमरन के छोटे भाई आरिश ने उसे युवक के साथ देखा था। इसकी जानकारी उसने परिजनों को भी दी थी। इस दौरान छोटे भाई आरिश ने बड़ी बहन को समझाया था। लेकिन इसके बाद भी उसकी बहन सिमरन नहीं मानी। आरोप है कि बुधवार देर रात आरिश ने तमंचे से बहन सिमरन को गोली मार दी। जिसमें वह गंभीर घायल हो गई। सूचना पर करीब डेढ़ बजे मौके पर पुलिस पहुंची। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गोली मारकर आरोपी मौके से फरार हो गया। आरोपी की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। अभी परिजनों की ओंर से किसी प्रकार की कोई तहरीर नहीं आई है। वहीं हत्या की घटना से गांव में शोक का माहौल है। मृतक युवती के परिजन कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं। फारेंसिक विभाग की टीम भी पहुंच गई और सबूत एकत्र किए। बता दे कि सरधना में अश्वनर किलिंग की ये दूसरी घटना है। इससे पहले छुर गांव में भाई ने एक बहन की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# बीएसए ने किया कस्तूरबा विद्यालय का निरीक्षण



मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह के निर्देशानुसार आज कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र मुजफ्फरनगर का निरीक्षण बेसिक शिक्षा अधिकारी मायाराम द्वारा किया गया। विद्यालय में नामांकित 100 बालिकाओं के सापेक्ष 50 बालिकाएं उपस्थित पाए गई। विद्यालय में समस्त अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध है, विद्यालय में कंप्यूटर लैब उपलब्ध है कक्षाएं संचालित स्थिति में पाई गई बालिकाओं को कोविड-19 प्रोटोकश्वल का पालन करते हुए बैठाया गया था। समस्त बालिकाएं मास्क पहने हुए थी विद्यालय में उपलब्ध खाद्य सामग्री का भी निरीक्षण किया गया। खाद्य सामग्री गुणवत्ता युक्त पाई गई अंग्रेजी के शिक्षिका को बच्चों को आओ अंग्रेजी सीखें प्रोग्राम को नियमित सुनाए जाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वार्डन और खेल एवं शारीरिक शिक्षिका को नियमित खेल गतिविधियां कराए जाने के निर्देश दिए गए। अधोहस्ताक्षरी द्वारा कहा गया कि प्रदेश सरकार हर बच्चे को शिक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से सरकार द्वारा बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, यूनिफार्म एवं मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। ताकि प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को पढ़ाई के दौरान कोई दिक्कत न होने पाए ।अधिकारी द्वारा यह भी कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत नवनिहाल, बच्चे कच्चे घड़े के समान है। उनको तराश कर उनके उज्ज्वल भविष्य को बनाना अध्यापक अध्यापिकाओं का दायित्व है। इसलिए सभी अध्यापकध्अध्यापिकाएं दायित्व बोध के साथ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर उनकी जिन्दगी को संवारे ताकि ये बच्चे पढ़-लिखकर अपना नाम रोशन कर सके।

# मेरठ में हो रही कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की प्रवेश परीक्षा

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर सीएचओ की प्रवेश परीक्षा इस बार प्रदेश के 17 जिलों में होगी। मेरठ में भी इसके लिए चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिन पर 3322 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पहले दिन गुरुवार को 1132 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अखिलेश मोहन ने बताया कि कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर सीएचओ के कोर्स की प्रवेश परीक्षा हर बार लखनऊ में होती थी। इस साल प्रदेश के चुने हुए 17 जिलों में परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मेरठ का भी नाम है। यह परीक्षा नौ और दस सितंबर को चार सेंटरों पर हो रही है। इनमें आईआईएमटी गंगानगर, एफआईटी गंगानगर, बीआईटी परतापुर तथा एमआईटी परतापुर है। गुरुवार को एक पाली में चारों सेंटर पर परीक्षा हुई। जिसमें 1132 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। 10 सितंबर को भी प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा के बाद छह माह का कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर का कोर्स करेंगे जो मेरठ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम द्वारा चार जगह संचालित हो रहा है। कोर्स पूर्ण होने पर काउंसलिंग के बाद सीएचओ को हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर पर नियुक्त किया जाएगा ।

# गाजियाबाद के लोनी में बेखौफ बदमाशों ने कार सवार व्यापारी से की लूटपाट

**मेरठ दर्पण-गाजियाबाद।** गाजियाबाद में बदमाशों का दुस्साहस लगातार बढ़ता ही जा रहा है। पुलिस की लाख कोशिश के बावजूद भी बदमाश बेखौफ मंसूबों में कामयाब हो रहे हैं। जिसके चलते बदमाशों ने दिल्ली के रहने वाले कपड़ा व्यापारी को उस वक्त अपना निशाना बनाया। जब कपड़ा व्यापारी कपड़े की फुटकर दुकानों से पेमेंट लेकर दिल्ली वापस लौट रहा था। जैसे ही उसकी कार बंथला फ्लाईओवर के पास पहुंची तो पहले से ही घात लगाए बैठे बाइक सवार बदमाशों ने हथियारों के बल पर रुपए से भरा बैग लूट लिया और कार भी लूटकर फरार हो गए। जिसकी सूचना आनन-फानन में स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है। दिल्ली के रहने वाले कपड़ा व्यापारी प्रदीप जैन ने बताया कि वह लोनी से कपड़ा दुकानदारों से अपनी पेमेंट 14 लाख 50 हजार रुपए लेकर कार से लोनी की तरफ से गाजियाबाद की तरफ जा रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी बंथला चौकी क्षेत्र के फ्लाईओवर के पास मुख्य मार्ग पर पहुंची तो पहले से ही घात लगाए एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने अचानक उनकी कार के सामने अपनी बाइक रोक दी। जिसके बाद दो बदमाश हथियार लेकर कार के दोनों तरफ पहुंचे और हथियारों की बट से कार का शीशा तोड़कर उन्हें कर उनके भाई को कार से बाहर निकाल लिया और रुपए सहित कार लेकर फरार हो गए। दिल्ली के रहने वाले एक कपड़ा व्यापारी प्रदीप जैन के द्वारा पुलिस को सूचना प्राप्त दी । वह कलेक्शन कर अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बंथला फ्लाईओवर के नजदीक हथियारबंद बाइक सवार बदमाशों ने उनकी कार लूट ली है। कार के अंदर लोनी से कलेक्शन कर लाए गए 14 लाख 50 हजार रुपये भी मौजूद हैं। सूचना के आधार पर तत्काल प्रभाव से मौके पर पुलिस इस पूरे मामले की कई एंगल से गहन जांच शुरू कर दी गई है।उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि जल्द ही इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# मुजफ्फरनगर में विधानसभा चुनाव की तैयारी को डीएम ने राजनीतिक दलों के साथ की चर्चा

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** आगामी विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 के दृष्टिगत मतदेय स्थलों के सम्भाजन हेतु जिलाधिकारी चन्द्र भूषण सिंह के अध्यक्षता में लोक वाणी सभागार राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। विधायक उमेश मलिक भी बैठक में मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदेय स्थलों का सम्भाजन 1200 मतदाताओं के आधार पर करने के निर्देश दिये गये हैं, जिसके के कम में मतदेय स्थलों का सम्भाजन हेतु समय सारणी निर्धारित की गयी है, जिसके अनुसार आज वर्तमान विद्यायक उमेश मलिक बुढाना मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के जिलाध्यक्षोध्सचिव व प्रतिनिधियो के साथ बैठक आयोजन के पश्चात् शिकायतों एवं सुझावों के निस्तारण के बाद सूची को अंतिम रुप दिया जायेगा। 15 सितम्बर को कण्ट्रोल टेबल की इन्ट्री



की जायेगी तथा 17 सितंबर को विधानसभा क्षेत्रवार सभी संलग्नकों सहित मतदेय स्थलों की सूची को जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनपद में 06 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हैं। आयोग के निर्देशानुसार जिन बूथों पर 1200 से अधिक मतदाता हैं उन पर नया बूथ बनाया जाना है। इस प्रकार जनपद में 1200 से अधिक मतदाताओं वाले बूथ का सम्भाजन करने के पश्चात 84 नये बूथों का निर्माण किया गया है। जनपद में इस प्रकार 06 नये मतदान केन्द्र भी बनाये गये हैं। 11-बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में 33 मतदेय स्थल, 12- चरथावल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदेय स्थल, 13 - पुरकाजी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदेय स्थल, 14-मुजफ्फरनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 12 मतदेय स्थल, 15 - खतौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 21 मतदेय स्थल, 16- मीरापुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 7 मतदेय स्थल नये बनाये गये हैं। इसके अतिरिक्त 12- चरथावल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 01 मतदान केन्द्र, 13- पुरकाजी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 01 मतदान केन्द्र, 14 - मुजफ्फरनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 03 मतदान केन्द्र, 16-मीरापुर में 01 मतदान केन्द्र नये बनाये गये हैं। जनपद में अब मतदान केन्द्रों की संख्या 914 जो नये मतदान केन्द्रों के बाद 920 हो जायेगी । जिलाधिकारी ने बताया कि इन नये मतदान केन्द्र एवं मतदेय स्थलों की सूची सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराते हुए दावेध्आपत्तियां प्राप्त कर ली गयी हैं जो शीघ्र ही निर्वाचन आयोग को प्रेषित की जायेगी। उन्होंने बताया कि अब पहचान पत्रों को रजिस्टरी डाक से मतदाताओं को उनके पते पर उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जा रहा है। जनपद को अगस्त माह में आयोग से 9433 पहचान पत्र प्राप्त हुए थे जिनमें से 2200 पहचान पत्रों की रजिस्ट्री कराकर मतदाताओं के पते पर भेज दिया गया है । बैठक में जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची में परिवर्धन अपमाजन तथा संशोधन करने में अपना पूर्ण सहयोग देने का आहवान किया।

## एक हजार के लिए सब्जी विक्रेता की हत्या में दो आरोपियों को उम्र कैद व एक-एक लाख जुर्माना

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** गत 13 दिसम्बर 2002 को थाना नई मंडी के ग्राम अलमसपुर में उधार के एक हजार रुपये के विवाद में सब्जी विक्रेता दरयाव सिंह की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में आरोपी राजू व बिट्टू उर्फ प्रवीण को उम्र कैद व एक-एक लाख का जुर्माना किया गया है । जुर्माना अदा ने किए जाने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा कटनी पड़ेगी मामले की सुनवाई ए डी जे 14 संदीप गुप्ता की कोर्ट में हुई अभियोजन की ओर से ऐ डी जी सी अमित त्यागी ने गवाह पेश कर पैरवी की सुनवाई के चलते एक आरोपी वीरेंद्र वर्मा की मोत हो गई। अभियोजन की कहानी की अनुसार गत 12 13 के बीच रात को दिसम्बर 2002 को उधार एक हजार रुपये अदा करने के लिए समय मांगने पर आरोपियों ने घर पर हमला कर दरयाव सिंह की होली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक की पत्नी रामदुलारी ने मामला दर्ज कराया था।

## हिंदू किसान मोर्चा व हिंदू व्यापार प्रकोष्ठ का शीघ्र गठन करेगा हिंदू महासंघ



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** हिंदू महासंघ के संरक्षक मनीष चौधरी की अध्यक्षता में आज एक बैठक का आयोजन श्रीराम भवन पर किया गया, जिसका संचालन सुरेंद्र मित्तल ने किया। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने कहा कि हिंदू महासंघ के संगठन को मजबूत करने के लिए शीघ्र ही विस्तार किया जाएगा, जिसमें हिंदू महासंघ का हिंदू किसान मोर्चा व हिंदू व्यापार प्रकोष्ठ बनाया जायेगा, जिसके लिए आपसी सहमति से पदाधिकारी घोषित कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हिंदू महासंघ के सभी घटकों को सक्रिय कर दिया गया है तथा इनके पदाधिकारी भी भागदौड़ में जुटे हुए हैं। आज की बैठक में हिंदू महासंघ के संरक्षक मनीष चौधरी, लोक सेवक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के पी चौधरी, अर्चक पुरोहित संघ के अध्यक्ष पंडित बृजबिहारी अत्री, पंडित शेखर जोशी, नवीन कश्यप, राजकुमार कालरा, अशोक गुप्ता, मनीष चौधरी उर्फ गोलू आदि मौजूद रहे।

# पिछड़े वर्ग की हितैषी है सपा: सतीश

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछड़ी जातियों का हित केवल समाजवादी पार्टी में ही सुरक्षित है। सपा की जब भी सरकार बनी है पिछड़े वर्ग को सबसे ज्यादा अधिकार व सम्मान सपा सरकार ने दिए है। यह विचार सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सतीश गुज्जर ने पिछड़े वर्ग प्रकोष्ठ की मासिक मीटिंग को संबोधित करते हुए कहे। पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी व सत्येंद्र सैनी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पिछड़ी जातियों का बहुमत के आधार पर वोट सपा के पक्ष में लामबंद होकर मिले इसके लिए सपा के पिछड़ी जाति के सभी नेता अपने समाज को भाजपा की साजिश से सावधान करने के लिए लगातार सक्रिय अभियान चला रहे है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ तक सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ कार्यकारिणी मजबूती से अपनी भूमिका निभाएगी। मीटिंग में हाल ही में बसपा छोड़कर सपा



में शामिल हुए बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके रामनिवास पाल का जोरदार स्वागत किया गया। सपा नेता रामनिवास पाल ने अपने अभिनंदन के लिए आभार जताते हुए कहा कि वह 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के दमदार प्रदर्शन के लिए प्रत्येक गांव गांव व गली गली का दौरा करने से पीछे नहीं हटेंगे। सपा पिछड़ा वर्ग की मासिक मीटिंग की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सतीश गुर्जर व संचालन जिला महासचिव डश्व नरेंद्र सैनी ने किया। मीटिंग में मुख्य रूप से सपा जिला उपाध्यक्ष पूर्व प्रमुख विनय पाल समाजवादी पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ नरेश विश्वकर्मा,सपा नेत्री श्रीमती दीप्ति पाल,सपा नेता साजिद हसन,विधानसभा अध्यक्ष पुरकजी सत्यवीर त्यागी, सभासद ओमवीर पाल,सुरेश कुमार बारी,हरेंद्र पाल, दिलशाद प्रधान, अनिल सैनी,मौ सुहेल रोहाना,कुलदीप सैनी, सचिन प्रजापति, राजेंद्र कुमार पांचली, सरदार गुरनाम सिंह, कारी मुकीम,मोहन गुर्जर सहितअनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महापंचायत में सहयोग करने वालों का जताया आभार



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन द्वारा आज दिनांक 9 सितंबर को भारतीय किसान यूनियन के महावीर चौक कार्यालय पर सदर ब्लाक के कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसका संचालन सुबोध काकरान अध्यक्षता सत्येंद्र नेताजी ने की। बैठक में कार्यकर्ता उत्साह वर्धन करने हेतु सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया और सभी कार्यकर्ताओं को साफा पहनाकर स्वागत किया गया। सदर ब्लाक के कार्यकर्ताओं ने जिस मेहनत से अपनी ड्यूटी को अंजाम दिया वह भी सराहनीय है और सदर ब्लॉक में जितने भंडारे चारों तरफ लगाए गए उसके लिए भी सदर ब्लाक के सभी नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया । गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी का भी बैठक में आभार व्यक्त करते हुए कहा की गुरुद्वारा कमेटी ने बहुत बड़े लंगर व रुकने का इंतजाम मुजफ्फरनगर में किसानों के लिए किया वह अपने आप में एक सराहनीय कार्य है । बैठक में मुजफ्फरनगर शहर के सभी कॉलोनी वासियों, मस्जिद कमेटियों, गुरुद्वारा कमेटी, मंदिर कमेटियों का भी धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिस के मकान के सामने अगर कोई खड़ा दिखाई दिया तो उनके लिए लोगों ने अपने घर के दरवाजे खोल दिए यह अपने आप में एक अद्भुत कार्य था और मुजफ्फरनगर की जो पंचायत थी उसमें मुजफ्फरनगर के निवासियों ने दिखाया कि मुजफ्फरनगर वाकई मोहब्बत नगर है और यहां पर हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सभी आपस में मिलकर एक दूसरे का सहयोग करते हैं। बैठक में मुख्य रूप से देव अहलावत, गुलशन, मोनू ठाकुर, अशरफ ,मोहब्बत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गोकशी करती महिला समेत तीन गिरफ्तार



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** शाहपुर पुलिस की ताबड़तोड़ छापामारी के दौरान एक महिला समेत 3 गोकश गिरफ्तार किए गए हैं। उनके कब्जे से 30 किलो गोमांस गोकशी करने के उपकरण बरामद किए गए। मुखबिर की सूचना पर छापामारी के दौरान बसीकलां से भारी मात्रा में गोमांस के साथ 3 गोकश गिरफ्तार किए हैं। एक महिला भी गोकशी करती गिरफ्तार की गई। शाहपुर पुलिस ने गोकश गुलबहार पुत्र इनाम, मोमिना पत्नी उम्मेद हसन निवासी बसीकलां व आदा पुत्र बाबू निवासी पलड़ी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैंट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोनः 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।